भोले शंकर के अवतारी बाबा बजरंग

भोले शंकर के अवतारी बाबा बजरंग,
राम जी के प्यारे तेरे न्यारे है ढंग,
भोले शंकर के अवतारी बाबा बजरंग,

करि थी सहाई तुमने सिया राम की,
हरदम जपि है माला उनके नाम की,
आरे रात दिनों की ढाई रे सेवा रहे संग संग,
राम जी के प्यारे तेरे न्यारे है ढंग,

अक्षय कुमार मारा फूंकी तुमने लंका,
रावण के दरबार बजाया तुमने डंका,
तेरी शक्ति देख के रावण रह गया दंग,
राम जी के प्यारे तेरे न्यारे है ढंग,

बचाई लखन की लाज भुटटी लाया के,
महावीर लाये पर्वत ही उठा के,
अरे भुजा उखाड़ी आहि रावण की,
ऐसी लड़ी जंग,
राम जी के प्यारे तेरे न्यारे है ढंग,

तुमसे बड़ा न कोई भक्त और है,
बाबा हनुमान तेरा बड़ा शोर है,
दुःख सब के हरलेते बाबा करते उमंग,
राम जी के प्यारे तेरे न्यारे है ढंग,

विनती सुनो हे बजरंग वीरान की,
राह दिखा दो प्रभु मुझे ज्ञान की.
रहे मगन भक्ति में तेरी मेरा अंग अंग,
राम जी के प्यारे तेरे न्यारे है ढंग,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8145/title/bhole-shankar-ke-avtaari-baba-bajrang

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |